हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 21 सितंबर 2025

04 अब पशुपालकों को घर बैठे ही मिलेगी...


07 पिछले वर्ष की झांकियों को वितरित किए गए पुरस्कार




## खबर संक्षेप

### जन्म, मरण और परण महादेव के हाथ में है : पं. प्रदीप मिश्रा



**सीहोर।** तुम्हारे दुख की घड़ी में भोले बाबा हमेशा खड़ा रहेगा। तुम्हारा कष्ट तुम्हें सहना है, कोई दूसरा नहीं सहेगा। परिवार वाले आएंगे, केवल शंकर जी को जल चढ़ाया है तो नंदी ही तुम्हारा दर्द बाटेंगे। देवाधिदेव महादेव पृथ्वी पर रहते हैं, वह तुम्हारे पास आएंगे तुम्हारा दुख हरने के लिए, लेकिन उसके लिए तुम्हें उन्हें दिल से पुकारना होगा। शिव महापुराण की कथा कहती है, जन्म, मरण और परण महादेव के हाथ में है। उक्त विचार जिला मुख्यालय कुबेरेश्वरधाम पर जारी आन लाइन शिव महापुराण के चौथे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। शनिवार को विशाल भंडारे आयोजन किया गया, इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। शनिवार को पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि दुनिया के कई लोग कहते हैं ईश्वर है, कोई कहता है नहीं है, कोई कहता है मंदिर तक जाओ शंकर की सेवा करो। आराधना करो, कोई कहता है आपको पूजन नहीं करना है, हम तो केवल इतना कहते हैं तुम्हें जो अच्छा लगे उसकी पूजा करो। जिस भी भगवान का पूजन करो पूर्ण समर्पण होकर करो। दुनिया में अच्छे मित्र बड़ी मुश्किल से मिलते हैं, जिस दिन तुम्हें अच्छा मित्र मिल जाए समझ लें महादेव खुद तुम्हारे पास उतर कर आएं है। मित्र ऐसा नहीं चाहिए जो मित्रता को छुड़वा दें, भगवान की भक्ति और कीर्तन करने से मना करें, मित्र ऐसा चाहिए जो हाथ पकड़कर तुम्हे कथा तक ले जाएं।

# किसानों की लाचारी देख शिवराज हुए भावुक, कलेक्टर को फोन लगाकर कहा-खराब फसल का तत्काल कराएं सर्वे

**सीहोर।** शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर जिले में किसानों की समस्याएं सुनने पहुंचे। भोपाल-इंदौर हाईवे पर इछावर जोड़ पर जब वे रुके, तो किसानों ने उन्हें घेरकर अपनी दुर्दशा बताई। किसानों ने कहा कि लगातार बीमारियों और पीला मोजेक की मार से सोयाबीन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। यह सुनते ही मंत्री भावुक हो उठे और किसानों को आश्वस्त करते हुए तुरंत कार्रवाई का वादा किया।

किसानों की परेशानी सुनने के बाद कृषि मंत्री ने देर न करते हुए वहीं से सीहोर कलेक्टर बाला गुरु को फोन लगाया। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि खराब फसलों का सर्वे तत्काल किया जाए और किसानों को फसल बीमा योजना का पूरा लाभ दिलाया जाए।



शिवराज ने कहा कि किसानों की मेहनत बेकार न जाए और उनकी आर्थिक मदद समय पर हो, यह सरकार की जिम्मेदारी है।

### तीन सप्ताह से आंदोलनरत किसान

सीहोर जिले के कई गांवों में किसान बीते तीन सप्ताह से लगातार आंदोलन कर रहे थे। किसान नेता एमएस मेवाड़ा ने बताया कि पांच साल से सोयाबीन की फसल पर विपत्तियां टूट रही हैं और इस साल बीमारी ने किसानों को पूरी तरह तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि बीमा की राशि हर साल काटी जाती है, लेकिन किसानों को एक पैसा भी वापस नहीं मिला। इस लापरवाही से किसानों का गुस्सा बढ़ा है और वे लगातार सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए आंदोलन कर रहे हैं।

### नेताओं ने दिया भरोसा

इस मौके पर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और जिला मंत्री पंकज गुप्ता समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने किसानों से बातचीत कर भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। साथ ही, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी पहले कह चुके हैं कि मामले को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया गया है और कैबिनेट में इसे विशेष रूप से रखा जाएगा। किसानों का कहना है कि शिवराज सिंह चौहान के हस्तक्षेप से अब उन्हें राहत की नई उम्मीद जगी है।

### शारदीय नवरात्रि कल से : दो साल के बाद श्रद्धालुओं को अपने निजी वाहनों से मंदिर तक जाने की अनुमति

# सलकनपुर विजयासन धाम में लगेगा 10 दिनों तक मेला, देवीलोक का दिखेगा दिव्य नजारा

राक्षस रक्तबीज का वध करने के बाद जब माता विश्राम के लिए विराजीं, तो उस स्थान को विजयासन नाम दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के सलकनपुर स्थित विध्यांचल पर्वत पर विराजमान मां विजयासन देवी का मंदिर देश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में गिना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह धाम माता पार्वती का अवतार माना जाता है। गर्भगृह में देवी की स्वयंभू और प्राकृतिक रूप से निर्मित मूर्ति भक्तों के आकर्षण का केंद्र है। यहां देवी लक्ष्मी, सरस्वती और भैरव बाबा के मंदिर भी स्थित हैं।

### रक्तबीज वध से जुड़ी पौराणिक मान्यता

कहा जाता है कि राक्षस रक्तबीज का वध करने के बाद जब माता विश्राम के लिए विराजीं, तो उस स्थान को विजयासन नाम दिया गया। इसी पहाड़ी पर आज भी युद्ध के अवशेषों के चिन्ह दिखाई देते हैं। भक्तों का मानना है कि इस स्थान पर मन्नत मांगने से हर इच्छा पूरी होती है। नवरात्र के दिनों में यहां लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं और जमाल चोटी, तुलादान तथा चढ़ावा चढ़ाकर आशीर्वाद पाते हैं। विजयासन माता का मंदिर समुद्र तल से करीब



एक हजार फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। श्रद्धालु यहां पहुंचने के लिए सीढ़ी मार्ग, वाहन मार्ग और रोपवे का सहारा लेते हैं। इतिहासकार बताते हैं कि इस धाम का निर्माण 1100 ईस्वी के आसपास गौंड राजाओं ने गिन्नौरगढ़ किले के साथ करवाया था। बाद में संत भद्रानंद स्वामी ने यहां कठोर तपस्या कर इसे सिद्ध शक्तिपीठ का दर्जा दिलाया।

### देवी लोक का निर्माण

सलकनपुर देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय ने बताया कि उज्जैन के महालोक की तर्ज पर यहां देवी लोक का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भक्तों को दिव्य अनुभव मिल सके। प्रशासन ने 30 एकड़ में पार्किंग की व्यवस्था की है, जिसकी जिम्मेदारी निजी एजेंसी को सौंपी गई है। एसडीआरएफ की टीमें और 500 से अधिक सुरक्षाकर्मी पूरे क्षेत्र में मुस्तैद रहेंगे। कैमरों से भी लगातार नजर रखी जाएगी, ताकि भक्तजन बिना किसी परेशानी के मां विजयासन देवी के दर्शन कर सकें।

### दो साल बाद श्रद्धालुओं को अपने निजी वाहनों से मंदिर तक जाने की अनुमति

इस साल नवरात्र में दो साल बाद श्रद्धालुओं को अपने निजी वाहनों से मंदिर तक जाने की अनुमति दी गई है। हालांकि भीड़ बढ़ने पर वाहनों पर फिर से रोक लग सकती है और श्रद्धालुओं को टैक्सियों का ही सहारा लेना होगा। आंवलीघाट पर जलस्तर अधिक होने से सुरक्षा की दृष्टि से 300 मीटर लंबी बैरिकेडिंग की जा रही है और घाट पर स्नान के लिए तीन विशेष प्वाइंट बनाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत आंवलीघाट पर 300 से अधिक पुलिसकर्मी और सलकनपुर धाम में 200 जवान तैनात रहेंगे।

# जीएसटी रिफार्म्स नरेंद्र मोदी द्वारा दिया उत्तम उपहार है : चंद्रशेखर रघुवंशी

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी सीहोर द्वारा जिला मुख्यालय पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन जिला कार्यालय पर किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता स्वच्छता अभियान प्रदेश सहसंयोजक चंद्रशेखर रघुवंशी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य वक्ता चंदशेखर रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा भारत माता, स्व. दीनदयाल उपाध्याय, स्व. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर वक्ता चंद्रशेखर



रघुवंशी ने सभी प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत ही गौरवपूर्ण है, जब हम सभी भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री, गरीबों के मसीहा और विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ₹प्रबुद्धजन सम्मेलन₹ में एकत्रित हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सदैव सेवा, समर्पण और संगठन के मूल मंत्र पर कार्य करता है। श्री मोदी ने राजनीति की परिभाषा को बदलकर यह सिद्ध कर दिया है कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की सेवा का सर्वोच्च मार्ग है। श्री मोदी ने देश के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए विकास की ऐसी धारा प्रवाहित की है, जिसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास निहित है। आज गांव-गांव तक बिजली पहुँचना, गरीबों को शौचालय, आवास, गैस सिलेंडर, आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा और किसानों के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी योजनाएँ उनकी संवेदनशील नेतृत्व क्षमता का प्रमाण हैं। आर्थिक क्षेत्र में किए गए रिफॉर्म्स ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। विशेष रूप से जीएसटी दरों में कटौती का निर्णय मोदी सरकार की दूरदर्शिता का परिचायक है। इससे न केवल व्यापारियों और उद्योगों को राहत मिली है, बल्कि आम उपभोक्ता भी लाभान्वित हुआ है। जीएसटी सुधारों के माध्यम से कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। यह निर्णय 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने वाला है और छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक सभी को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

# आज किया जाएगा महाआरती का आयोजन

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के संकल्प वृद्धाश्रम में श्राद्धपक्ष के अवसर पर 16 दिवसीय धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को आश्रम में पंडित सुनील पाराशर के द्वारा भजन-कीर्तन के साथ प्रवचन का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि श्राद्ध का संबंध श्रद्धा से है, श्रद्धापूर्वक पितरों का स्मरण और उनके निमित्त जो भी दान आदि पुण्यकर्म तीर्थ आदि क्षेत्रों में किया जाता है, वह सब एकत्र होकर श्राद्ध करने वाले श्राद्धकर्ता के पितरों को सद्गति प्रदान करता है, फलस्वरूप पितरों के आशीर्वाद से जीवन में आने वाली समस्त प्रकार की बाधाएं, पितृदोष आदि का शमन होता है।

उन्होंने बताया कि गरूड़ पुराण में कहा गया है कि श्राद्धकर्म करने से संतुष्ट होकर पितृ, श्राद्धकर्ता को आयु, पुत्र, यश, मोक्ष, स्वर्ग, कीर्ति, बल, वैभव, सुख, धन और धान्य वृद्धि का आशीष प्रदान करते हैं। पूर्ण विधि-विधान करने में असमर्थ व्यक्ति भी अपनी क्षमता अनुसार तीर्थ आदि क्षेत्र में श्रद्धापूर्वक पुण्य कर्म करके पितरों को सद्गति दिला सकता है। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि रविवार को अमावस्या को हवन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अध्यात्म की दृष्टि से पितृपक्ष आत्मा और आत्मिक उत्कर्ष का वो पुण्यकाल है, जिसमें कम से कम प्रयास से अधिकाधिक



फलों की प्राप्ति संभव है। आध्यात्मिक दृष्टि से इस काल को जीवात्मा के कल्याण यानि मोक्ष के लिये सर्वश्रेष्ठ समय माना गया है। अर्थात अपने पूर्वजों की आत्मिक संतुष्टि व शांति और मृत्यु के बाद उनकी निर्बाध अनन्त यात्रा के लिये पूर्ण श्रद्धा से अर्पित कामना, प्रार्थना, कर्म और प्रयास को हम श्राद्ध कहते है। इस पक्ष को इसके अदभुत गुणों के कारण ही पितृ और पूर्वजों से सम्बद्ध गतिविधियों से जोड़ा गया है। यह पक्ष सिर्फ मरे हुये लोगों का काल है, यह धारणा सही नहीं है। श्राद्ध दरअसल अपने अस्तित्व से, अपने मूल से रूबरू होने और अपनी जड़ों से जुड़ने, उसे पहचानने और सम्मान देने की एक सामाजिक मिशन, मुहिम या प्रक्रिया का हिस्सा थी, जिसने प्राणायाम, योग, व्रत, उपवास, यज्ञ और असहायों की सहायता जैसे अन्य कल्याणकारी सकारात्मक कर्मों और उपक्रमों की तरह कालांतर में आध्यात्मिक और धार्मिक चादर ओढ़ ली।

### सीनियर व जूनियर स्कूल केबिनेट के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

# दि ऑक्सफोर्ड स्कूल का 31वां विद्यालयीन मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह संपन्न







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल सीहोर में वर्तमान परिदृश्य में विद्यार्थियों को लोकतंत्र प्रक्रिया से अवगत कराने एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से शिक्षण सत्र 2025-26 के लिये 31वां विद्यालीयन मंत्रीमंडल के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम संजय सिंह तोमर, जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ. अनिता भालेराव, प्राचार्या जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान सीहोर की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया।

अतिथिगण का स्वागत संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने करते हुए चयनित विद्यार्थियों, हाउस केप्टन, स्काउट, गाइड एवं बैण्ड ग्रुप ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। इसके पश्चात अतिथिगण ने सीनीयर एवं जुनियर स्कूल केबिनेट के पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर बैच प्रदान किये। मुख्य अतिथि संजय सिंह तोमर ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों को नेतृत्व की जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे पूर्ण निष्ठा से निभाना चाहिए। हमने जो शपथ ली है, उसका पालन भी करना है। साथ ही विद्यालय संचालक, प्राचार्य व शिक्षकों, विद्यार्थियों के अनुशासित कार्यक्रम की प्रशंसा की। डाइट प्राचार्या डॉ. अनिता भालेराव ने विद्यार्थियों को कहा कि अनुशासित रहकर ही नेतृत्व किया जा सकता है। स्कूल केबिनेट से विद्यार्थियों में नेतृत्व का भाव जागेगा। संस्था अध्यक्ष जॉली कुरियन ने कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। विद्यार्थियों को नेतृत्व का महत्व समझना चाहिए तथा इस दायित्व को जिम्मेदारी से निभाना चाहिए। प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन ने बताया कि विद्यालयीन मंत्रीमंडल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सहयोग, मानसिक और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना है। इससे विद्यार्थियों में जिम्मेदारी एवं आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा मिलेगी।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिा साक्षी गोगिया एवं निकिता बघेल द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन स्कूल प्रेसिडेंट स्वाति मेवाडा द्वारा किया गया।

# 15 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू के दौरान सर्प मित्र को सांप ने काटा, फिर भी पकड़कर जंगल में छोड़ा

**सीहोर।** सीहोर जिले के बुधनी रेलवे स्टेशन परिसर से लगे पार्क में 15 फीट का अजगर निकल आया। पार्क में मौजूद लोगों ने जैसे ही इस विशालकाय अजगर को देखा, तो अफरा-तफरी मच गई। लोग सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। इतनी बड़ी आकृति देखकर किसी की भी रूह कांप जाए, लेकिन लोगों ने हिम्मत जुटाकर तुरंत सर्प मित्र अशोक पारे को फोन किया।

जानकारी के अनुसार जैसे ही सर्प मित्र अशोक पारे मौके पर पहुंचे, उन्होंने बिना समय गंवाए रेस्क्यू शुरू किया। अजगर को काबू में करने की कोशिश के दौरान अचानक वह उन पर टूट पड़ा। अजगर ने उनके हाथ को बुरी तरह काट लिया और उन्हें अपनी गिरफ्त में लेने की कोशिश की। उस पल वहां मौजूद हर किसी की सांसें थम गईं। दर्द से कराहते हुए भी अशोक ने हार नहीं मानी और मजबूती से अजगर को पकड़कर अपनी पकड़ ढीली नहीं की।

**घायल अवस्था में भी निभाई जिम्मेदारी :** अजगर के काटने से उनका हाथ लहूलुहान हो गया, लेकिन उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। स्थानीय लोगों की मदद से उन्होंने अजगर को बड़ी मशक्कत के बाद बोरी में बंद कर दिया। इस दौरान वे बार-बार गिरते, संभलते और फिर से हिम्मत जुटाकर अजगर से भिड़ते रहे। जैसे ही अजगर को सुरक्षित पकड़ा गया, मौके पर मौजूद लोगों ने तालियों से उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद घायल अशोक को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया।



## खबर संक्षेप

### मां दुर्गा स्थापना पर होंगे भव्य आयोजनः संरक्षक रमेश सक्सेना

**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी पावर हाऊस कॉलोनी स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर पर माँ दुर्गा स्थापना की जावेगी, आयोजन को भव्यता प्रदान करने हेतु समिति के संरक्षक पूर्व विधायक रमेश सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को एक बैठक आयोजित हुई। सर्व प्रथम हनुमान बब्बा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में श्री सक्सेना ने समिति के पदाधिकारी व सदस्यगणों को संबोधित करते हुए कहा कि इव वर्ष भव्यता के साथ माँ दुर्गा उत्सव मनाया जावेगा एवं सांस्कृतिक आयोजन किये जायेगें। समिति अध्यक्ष विनय सक्सेना (पन्ना) ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 23 सितम्बर 2025 संगीतमय सुन्दरकाण्ड होगा एवं दिनांक 24,25,26 को भव्य गरबा महोत्सव आयोजित किया जावेगा, दिनांक 28 सितम्बर को महाआरती एवं दिनांक 29 सितम्बर को भजन संध्या आयोजित की जावेगी। उक्त आयोजनों में मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमीबन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की समिति द्वारा अपील की गई है।

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान को तीन चरणों में चलाया जाएगा, ताकि सभी स्तर के पशुपालकों तक जानकारी मिल सके

# अब पशुपालकों को घर बैठे ही मिलेगी पशु पोषण आहार, स्वास्थ्य और नस्ल सुधार की जानकारी

2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलेगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान , वेटनरी की टीम घर - घर पहुंच कर करेंगी पशुपालकों से सीधा संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान प्रारंभ किया जा रहा है । अभियान के अन्तर्गत पशुपालन विभाग के अमले द्वारा गांवों में पहुंचकर पशुपालकों से सम्पर्क किया जावेगा । इस दौरान उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने के साथ ही आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जावेगा।

अभियान 3 चरणों में चलाया जाएंगा। इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं से की जाएगी। अभियान 9 अक्टूबर तक चलेगा। इसी को लेकर शनिवार को नगर के पशु अस्पताल में एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अभियान के संबंध में मास्टर ट्रेनर डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि वेटनरी का अमला गांव - गांव पहुंचेगा। इस दौरान वह घर - घर जाकर पशुपालकों को पशुओं की नस्ल सुधार , पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

**तीन चरणों में होगा संपर्क अभियान :** दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान को तीन चरणों में चलाया जाएगा, ताकि सभी स्तर के पशुपालकों तक सही जानकारी पहुंचाई जा सके । पहले चरण में 10 या उससे अधिक गौ-वंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा ।

दूसरे चरण में 5 से 9 गौ-वंश रखने वालों को शामिल किया जाएगा । तीसरे और अंतिम चरण में 5 या उससे कम गौ-वंश रखने वाले छोटे पशुपालकों तक पहुंच बनाई जाएगी । इस चरणबद्ध प्रक्रिया के जरिए सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर प्रकार के पशुपालक को बराबरी से लाभ मिले, चाहे उनके पास अधिक जानवर हों या कम ।

#### पशु स्वास्थ्य, पोषण और नस्ल सुधार पर जोर

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में सरकार का फोकस तीन अहम बिंदुओं पर केंद्रित है-पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य और नस्ल सुधार । पशुपालकों को बताया जाएगा कि पशुओं को क्या, कितना और कब खिलाना चाहिए ताकि उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे । साथ ही, बीमारियों की पहचान, सही इलाज और बचाव के उपायों पर जानकारी दी जाएगी । नस्ल सुधार के अंतर्गत अच्छी नस्लों को अपनाकर दूध उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए, यह समझाया जाएगा । इन सभी विषयों पर पशु चिकित्सकों और प्रशिक्षित गो सेवको के माध्यम से गांव-गांव जाकर जानकारी दी जाएगी । ताकि पशुपालक ज्यादा और बेहतर दूध प्राप्त कर सकें।

#### दूध उत्पादन और आमदनी में दोगुनी बढ़ोतरी का लक्ष्य

प्रदेश सरकार का बड़ा लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में दूध उत्पादन को दोगुना किया जाए. इससे न सिर्फ गांवों में रोजगार बढ़ेगा, बल्कि किसान और पशुपालकों की आमदनी में भी बड़ा इजाफा होगा. पशुपालन विभाग के मुताबिक, अगर पशुपालकों को सही जानकारी और संसाधन मिलें, तो कम खर्च में ज्यादा लाभ उठाया जा सकता है. यही सोचकर सरकार यह अभियान चला रही है ।

#### घर-घर जाकर पशुपालकों को देंगे मार्गदर्शन

इस अभियान में खास बात यह है कि यह संपर्क आधारित है। वेटनरी अधिकारी और कर्मचारी गांवों में घर-घर जाकर और पशुपालकों से मिलकर उन्हें उचित जानकारी व मार्गदर्शन देंगे । खासबात यह है कि सिर्फ भाषण या पोस्टर से नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन किया जाएगा । इससे पशुपालकों के सवालों के जवाब उन्हें तुरंत मिलेंगे और वे अपनी समस्याएं भी सीधे बता सकेंगे ।

## मां भवानी का दरबार सजा, नवरात्रि में देवीमय होगा पूरा मंडी क्षेत्र, उमड़ेगी भक्तों की आस्था

**सीहोर।** गल्ला मंडी चौराहे पर इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व को लेकर मां भवानी का दरबार भव्य रूप से सजाया जा रहा है। इस बार विशेष रूप से वस्त्रों और पारंपरिक अलंकरण से सुसज्जित द्वार भक्तों को आकर्षित करेंगे। आयोजन समिति द्वारा अंतिम तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि दस दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व में श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माहौल का अनुभव हो सके। मंडी क्षेत्र का मां गौरी मंदिर पूरे जिले में श्रद्धा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। लगभग सात दशक पहले 1962 में यहां पर मां भवानी की स्थापना हुई थी, जबकि मंदिर का निर्माण 1975 में हुआ। तब से लेकर आज तक भक्त यहां आकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की आस्था के साथ दर्शन करते हैं। नवरात्रि के दिनों में तो विशेष रूप से यहां भक्तों का सैलाब उमड़ता है और पूरा क्षेत्र देवीमय हो जाता है।




**समिति और आयोजन की तैयारी :** इस वर्ष नवरात्र महोत्सव का आयोजन राकेश राठौर की अध्यक्षता में किया जा रहा है। आयोजन समिति में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी घनश्याम मेवाड़ा को दी गई है। साज-सज्जा की जिम्मेदारी मितेश गांधी और भगवती प्रसाद शर्मा संभालेंगे। मंदिर संरक्षक हरी प्रसाद तिवारी और भगवती प्रसाद राठौर की देखरेख में यह महोत्सव संपन्न होगा।

वहीं मां जगदंबे के दरबार से सालों से मातारानी के सेवा करने वाले मोहन राठौर, मुन्ना राठौर, योगेश भाह, मनीष तिवारी, भगवान दास मकैरया, सुहागमल राठौर, महेश तिवारी, निर्मल पंवार सहित अन्य सहयोगी आयोजन को सफल और भव्य बनाने में जुटे हैं।

## बैठक में शामिल होने को लेकर उत्सव समिति अध्यक्षों और संगठनों के पदाधिकारियों ने उठाए कई सवाल

### चुनिंदा लोगों को बुलाकर बैठक में निभाई जा रही औपचारिकता



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शनिवार को तहसील कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार गजेंद्र सिंह लोधी ने की । बैठक में नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, जल आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, तथा आपातकालीन सेवाओं के संचालन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही उत्सव समितियों को निर्देश दिए गए कि पंडालों में अग्नि और विद्युत सुरक्षा के पूरे प्रबंध किए जाएं। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित रखने हेतु ध्वनि सीमा का पालन किया जाए। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखे । भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग, सीसीटीवी व वॉलंटियर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी , हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि , नपं सीएमओ, एमपीईबी के अधिकारी,पंडाल समितियों के सदस्य उपस्थित थे।


#### शांति समिति की बैठक पर लोगों ने उठाएं सवाल

आगामी त्योहारों को लेकर प्रशासन द्वारा आयोजित की गई शांति समिति की बैठक पर लोगों ने कई सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन चंद चुनिंदा लोगों को बुलाकर बैठक की इतिश्री कर देती है। जबकि नगर के जो प्रमुख नागरिक, विभिन्न समितियों के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग हैं , उनको बैठक में आमंत्रित नहीं किया जा रहा है।



कांग्रेस सरकार के समय मेरे द्वारा सभी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयो एवं समाजसेवियो के नाम की सूची बनाकर एसडीएम को सौंपी जाती थी एसडीएम सभी लोगों को शांति समिति की बैठक की जानकारी देते थे परंतु अब हम लोगों को शांति समिति की बैठक की कोई जानकारी नहीं मिलती है कब बैठक हो जाती है पता ही नहीं चल पाता है।

**- अभय कुमार मेहता समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता**



शांति समिति की बैठक में कुछ नगर के युवा वर्ग के चुनिंदा लोगों को बुलाकर बैठक आयोजित कर ली जाती है जबकि नगर में कई वरिष्ठ गणमान्य लोग एवं समाजसेवी हैं। उनको आज तक किसी प्रकार की कोई बैठक की जानकारी नहीं दी गई प्रशासन की यह घोर लापरवाही है।

**- करण वर्मा, समाजसेवी**



मैं बजरंग दल का नगर अध्यक्ष हूं और हिंदुओं के सारे त्यौहार हम संगठन के लोग उत्साह से मनाते हैं, लेकिन मुझे भी शांति समिति की बैठक की जानकारी देना उचित नहीं समझते मुझे अफसोस होता है कि फिर शांति समिति की बैठक ही क्यों की जाती हैं। मुझे आज तक किसी भी बैठक की जानकारी नहीं दी गई है। यह गलत है प्रशासन को कम से कम हम जैसे संगठन के लोगों को तो बुलाना चाहिए।

**-धनराज यादव, बजरंग दल नगर अध्यक्ष**



नगर के गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवियों की पहले थाने एवं एसडीएम के पास सूची थी और पहले हम लोगों को बैठक में बुलाया भी जाता था लेकिन कुछ समय से अब हमें शांति समिति की बैठक में नहीं बुलाया जाता है हमें पता ही नहीं चल पाता है कब शांति समिति की बैठक हो जाती है।

**-अनिल राठी, समाजसेवी**

### एक्सीलेंस स्कूल में अभाविप ने स्कूल प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन है, जो विद्यार्थियों के अधिकारों एवं समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहता है। इसी संदर्भ में अभाविप के नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी के नेतृत्व में एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि एक्सीलेंस स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिनमें प्रमुख रूप से विद्यालय के बाथरूमों की स्थिति अत्यंत खराब है तथा साफ-सफाई नियमित रूप से नहीं की जाती। विद्यालय परिसर में समुचित सफाई व्यवस्था नहीं है। विद्यालय में खेलकूद का पर्याप्त सामान नहीं है, जिसके कारण विद्यार्थी खेल गतिविधियों से वंचित हैं तथा गेम्स पीरियड भी नियमित नहीं होते। विद्यालय परिसर में पार्किंग स्थल एवं छात्रा शौचालय की दीवार अधूरी है, जिसके कारण छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में म्यूजिक व वेटलिफ्टिंग का सामान उपलब्ध नहीं है, जिससे विद्यार्थी इन गतिविधियों से वंचित हैं। कक्षा 9 वी के नए भवन में बाथरूम एवं वाटर कूलर की सुविधा नहीं है, जिसके कारण विद्यार्थियों को कठिनाई होती है। अभाविप ने मांग की है कि उक्त सभी समस्याओं का समाधान सात दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन एवं शासन-प्रशासन की होगी।

## दो स्कूलों में भेंट किए वाटर कूलर विद्यार्थियों को मिलेगा साफ पानी




**भैरूंदा।** यूफोरिया माइस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्रा, लिमिटेड कंपनी ने दो शासकीय स्कूल दिमावर और बाबरी में वाटर कूलर भेंट किए अब बच्चों को साफ, ठंडा और स्वच्छ पानी मिलेगा।

स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छोटे-छोटे बच्चों की सुविधाओं के लिए कंपनी ने वाटर कूलर देकर जो सहायता की है उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। गर्मी में बच्चों को अब ठंडा पानी मिल सकेगा, जिससे वह अपनी प्यास बुझा सकेंगे। कार्यक्रम में भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह, पर्यावरण विभाग से अर्जुन सिंह श्रीवास्तव, माइनिंग अधिकारी खुशबू वर्मा, चेयरमैन रमाकांत यादव, सरपंच सुरेंद्र यदुवंशी के मुख्य अतिथि रहे। वहीं प्राचार्य सुनील कीर, कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद कुमार, मैनेजर दिनेश कुशवाह, एचआर राहुल रघुवंशी, एचआर राहुल कुशवाह, एचआर अमित कुशवाह, सहित कंपनी का स्टाफ सहित मूलसिंह यदुवंशी, भीकाराम यादव, भीम सिंह राठौर मौजूद रहे।

**गीला कचरा व सूखा कचरा अलग करने के लिए किया जागरूक : सीहोर।** कलेक्टर बालगुरू के. के निर्देशानुसार जिलेभर में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में अभियान के तहत ग्राम बिलकिसगंज में गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग किए जाने का महत्व विषय पर जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम वासियों को आईईसी गतिविधियों के तहत घरों से गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग करने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं कचरा अलग अलग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध संचालक दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन एवं संयुक्त आयुक्त शिवानी वर्मा ने कचरा संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने चिन्हित सीटीयू स्थल पर स्वच्छता के लिए श्रमदान भी किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक विकास वाघाड़े, डीपीम दिनेश बारफा,परियोजना अधिकारी प्रमोद त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि तथा नागरिक उपस्थित थे।

### शांति समिति की बैठक में नवरात्रि और दशहरा पर प्रशासन ने जारी किए सख्त निर्देश

# हम सबका ये दायित्व है कि त्योहारों को हम आपसी प्रेम और सद्भाव से मनाएं : एसडीएम सुधीर कुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

आगामी नवरात्रि और दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भैरुंदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी और समिति के सदस्यों ने मिलकर त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाने पर जोर दिया। प्रशासन ने भीड़-भाड़, ध्वनि प्रदूषण और सुरक्षा से संबंधित कई अहम फैसले लिए जिनकी जानकारी आम जनता को भी दी गई। एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि प्रशासन हर जगह मौजूद नहीं हो सकता। यह हम सबका दायित्व है कि हम त्योहारों को आपसी सद्भाव और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने सभी से नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आग्रह किया। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने सभी से अपील की कि सभी पंडालों और झांकियों को सुरक्षा के मद्देनजर बिजली का अस्थाई कनेक्शन लेना जरूरी होगा, प्रत्येक झांकी के साथ एक जिम्मेदार व्यक्ति का होना अनिवार्य है, जो उसकी सुरक्षा और व्यवस्था का ध्यान रखेगा,दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन अंबर नदी में ही किया जाएगा। नगर परिषद के द्वारा यहां पर विसर्जन की व्यवस्थाओं को अंजाम दिया जाएगा। अधिकारियों ने नगर परिषद को निर्देश दिए की विसर्जन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था पूरी करें। गणेश उत्सव की तरह यहां पर व्यवस्था है पूर्ववत रहेगी और विसर्जन स्थल पर बच्चों का जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

#### डीजे का उपयोग पर रहेगा प्रतिबंध

एसडीएम ने बैठक में उपस्थित शहर वासियों को साधुवाद देते हुए कहा कि गणेश उत्सव के दौरान अपने प्रशासन का पूरा सहयोग किया। शहर में कहीं पर भी डीजे का उपयोग नहीं हुआ। यह व्यवस्था नवरात्रि पर्व के दौरान भी प्रशासन के दौरान लागू की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा उत्सव के दौरान तेज आवाज वाले डीजे का इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। सड़कों पर यातायात बाधित कर रहे हाथ ठेलों को हटाया जाएगा ताकि आम लोगों को परेशानी न हो।

#### नगर की सीमा से भारी वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

शांति समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्गा उत्सव के दौरान महिलाओं व श्रद्धालुओं की की अत्यधिक भीड़ लगातार 9 दिन बनी रहती है। इस दौरान नगर की सीमा से निकलने वाले भारी वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इतना ही नहीं सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से तेज गति से दुपहिया वाहन चलाने वाले युवकों पर भी पुलिस शिकंजा कसेगी। त्योहार के दौरान सड़कों पर भीड़ और दुर्घटना से बचने के लिए रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर जैसे बड़े वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।

#### बैठक में रखी गई नेहरू गांव माताजी सड़क मरम्मत कराने की मांग

बैठक के दौरान पूर्व पार्षद राजेश पवार के द्वारा नेहरू गांव स्थित बिजासन मैया के दरबार की ओर जाने वाली सड़क की मरम्मत की मांग भी उठाई गई। उन्होंने कहा कि देवी धाम सलकनपुर जाने से पूर्व श्रद्धालुओं की भीड़ बड़ी बहन के नाम से प्रसिद्ध नेहरू गांव स्थित बिजासन मैया के दर पर पहुंचती है। यहां वाहनों के साथ ही पदयात्रा करते हुए श्रद्धालु दर्शनों के लिए जाते हैं। इसलिए इस सड़क की मरम्मत होना आवश्यक है। आनंद अग्रवाल के द्वारा यहां पर विद्युत की व्यवस्था सुचारू नहीं होने का मुद्दा उठाया। अधिकारियों के द्वारा जनपद पंचायत को व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए हैं। इसकी अतिरिक्त सड़क के मरम्मत को लेकर संबंधित विभाग से बात की जाएगी।

### कन्या महाविद्यालय में छात्राओं ने बिखेरी प्रतिभा




**सीहोर।** 14 सितम्बर से 20 सितंबर तक शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति सम्मान, गर्व और अभिरुचि का भाव जागृत करना था। प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, कविता पाठ, प्रश्न मंच, वाद-विवाद तथा पोस्टर प्रतियोगिता शामिल रही। छात्राओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य का योगदान, हिंदी भाषा का महत्व तथा भारतीय संस्कृति और हिंदी जैसे विषयों पर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के डॉ. राजेश बकोरिया ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कृति की धरोहर है, जिसे भारतीय ज्ञान परंपरा ने सदैव संरक्षित और समृद्ध किया है। हिंदी दिवस के इस पखवाड़े में भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रितु मेवाड़ा तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र ने प्रथम स्थान, आशा काजलिया बीए द्वितीय वर्ष में द्वितीय स्थान, आयुषी हरसोदिया बीए प्रथम वर्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी भाषा एवं साहित्य विषय पर प्रश्न मंच का आयोजन भी किया गया। विश्व महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लेकर प्रतियोगिताओं को सफल बनाया प्रथम स्थान पर टीना चौरसिया रवीना मालवी अनीता राजपूत बी ए प्रथम वर्ष एवं द्वितीय स्थान परमानसी ,अंजली यादव, राधिका मेहता बीएससी प्रथम वर्ष, राधिका कौशल वंदना राजगुरु पलक विश्वकर्मा बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए प्रेरणास्पद और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की गरिमा को नए स्वरूप में प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉ पूजा कश्यप ने किया और अंत में आभार प्रदर्शन नूरजहां हाशमी ने किया।

## राजगढ़ नपाध्यक्ष ने कलेक्टर को पत्र लिखकर की कार्रवाई की मांग

# गोकुल धाम कॉलोनी के लिए नजूल की भूमि से निकाला रास्ता, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में निर्मित कई कॉलोनियों के कॉलोनाईजरों द्वारा कॉलोनियों में बगैर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए प्लॉट बेच दिए गए। इसके साथ कुछ कॉलोनाईजरों द्वारा अपनी कॉलोनियों के लिए रास्ता न होने पर नजूल की भूमि से रास्ता निकाल लिया गया है जो कि पूरी तरह नियम विरुद्ध है। इसी कड़ी में साहू धर्मशाला के पीछे निर्मित गोकुलधाम कॉलोनी के कॉलोनाईजर द्वारा नजूल की जमीन से रास्ता निकाल लिया गया। इसको लेकर राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ने कलेक्टर को पत्र लिखते हुए संबंधित कॉलोनाईजर पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की मांग की है।


कार्यालय नगरपालिका परिषद राजगढ़ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) मध्यप्रदेश
Email:- vinodbaroniya@gmail.com MOBILE - 9711674933, 9691489433
क. 175
राजगढ़, दिनांक 19.09.2025
प्रति,
कलेक्टर महोदय
जिला राजगढ़
विषय :- राजगढ़ नगर में अवैध रूप से कॉलोनी हेतु सड़क निर्माण कराए जाने के संबंध में।
महोदय,
सविनय निवेदन है कि राजगढ़ नगर स्थित खुजनेर रोड पर साहू धर्मशाला के पीछे नगर के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा गोकुलधाम कलोनी का निर्माण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र में पूर्व से ही नजूल की गांधी विहार कॉलोनी प्रस्तावित एवं दर्ज है। किंतु संबंधित कॉलोनाइजर द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति अथवा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त किए ही उक्त नजूल भूमि में से सड़क निकालकर अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है। महोदय, यह कार्य न केवल शासकीय भूमि का अतिक्रमण है, बल्कि प्रस्तावित गांधी विहार कॉलोनी के मूल स्वरूप और नागरिकों के हितों के साथ भी अन्याय है। यदि समय रहते इस पर रोकथाम नहीं की गई तो भविष्य में विवाद और अव्यवस्थाएँ उत्पन्न होना निश्चित है।
अतः श्रीमान से विनम्र निवेदन है कि :-
1. इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर संबंधित कॉलोनाइजर के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाए।
2. नजूल भूमि गांधी विहार कॉलोनी को अवैध निर्माण से मुक्त कराया जाए।
3. अवैध रूप से निकाली गई सड़क को हटवाकर कॉलोनाइजर को अपनी कॉलोनी के लिए पृथक वैध मार्ग उपलब्ध कराने हेतु बाध्य किया जाए।
आपकी त्वरित एवं न्यायोचित कार्यवाही से न केवल नगर की योजना एवं शासकीय भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ होगा।
भवदीय
विनोद साहू
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद राजगढ़
प्रतिलिपि :-
01. अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) राजगढ़ की ओर सूचनार्थ।
02. तहसीलदार महोदय तहसील परगना राजगढ़ की ओर सूचनार्थ।

### क्या है पूरा मामला

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ने कलेक्टर को संबोधित अपने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि नगर के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा गोकुलधाम कॉलोनी का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके लिए संबंधित कॉलोनाईजर द्वारा नजूल की भूमि में से सड़क निकालकर अवैध रूप से रास्ते का निर्माण किया गया है जबकि उक्त क्षेत्र पहले से गांधी विहार कॉलोनी के नाम पर प्रस्तावित एवं दर्ज है। नपाध्यक्ष साहू ने बताया कि बिना वैधानिक अनुमति और प्रशासनिक स्वीकृति के किया गया यह कार्य न केवल सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से जुड़ा हुआ है बल्कि गांधी विहार कॉलोनी के मूल स्वरूप एवं नागरिकों के हितों के साथ भी अन्याय है।

### कॉलोनाईजर ने रिसीव नहीं किया फोन

हरिभूमि ने इस बारे में गोकुलधाम कॉलोनी के कॉलोनाईजर का पक्ष जानने उन्हें दो-तीन बार कॉल लगाया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### न पानी की व्यवस्था न सुरक्षा के इंतेजाम

*नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने बताया कि गोकुल धाम कॉलोनी में प्लॉट तो धड़ाधड़ काट दिए गए लेकिन प्लॉट धारकों एवं यहां मकान बनाने वालों की मूलभूत सुविधाओं का जरा भी ध्यान नहीं रखा गया है। कॉलोनी में सुरक्षित रूप से न तो पीने के पानी के इंतेजाम हैं और न ही सुरक्षा के कोई इंतेजामात किए गए हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में गंभीर विवाद और अव्यवस्थाएं खड़ी हो सकती हैं। नपाध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग की है कि नजूल की भूमि को अवैध निर्माण से मुक्त कराया जाए एवं अवैध रूप से निकाली गई सड़क को हटवाया जाए। इसके साथ ही कॉलोनाईजर को अपनी कॉलोनी के लिए पृथक से वैध मार्ग उपलब्ध कराने के लिए कहा जाए।*

हिन्दू उत्सव समिति की बैठक आयोजित

# पिछले वर्ष की झांकियों को वितरित किए गए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




नगर में नवरात्रि महापर्व और परंपरागत चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर गुरुवार रात को हिन्दू उत्सव समिति की बैठक मां वैष्णोदेवी मंदिर में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान पिछले वर्ष आयोजित भव्य झांकियों के लिए सभी झांकी समितियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भागवत आचार्य पंडित सतीश नागर ने बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष लीला देवी कुशवाहा, पूर्व राज्य मंत्री बद्री लाल यादव, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी, हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक डॉ. अशोक अग्रवाल और अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा भी मौजूद थे। राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्र शक्ति की उपासना का पर्व है। उन्होंने युवाओं द्वारा मां दुर्गा की नौ दिनों तक समर्पण भाव से की जाने वाली आराधना का उल्लेख किया। पवार ने जोर दिया कि यह उत्सव मर्यादा के साथ मनाया जाना चाहिए और हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए कार्य किए जाने चाहिए।

बैठक में 29 सितंबर को आयोजित होने वाली पारंपरिक चुनरी यात्रा पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव दिए। चुनरी यात्रा शाम 5 बजे माता मातामंड मोहल्ले के शीतला माता मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए मां वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी, जहां माता को 121 मीटर की चुनरी समर्पित की जाएगी। चुनरी यात्रा की संयोजिका के रूप में रुचि रवि बड़ोने को नियुक्त किया गया है, जबकि वर्षा मंगल और लाड़ कुंवर केलवा सह-संयोजिका की भूमिका निभाएंगी। बैठक में नगर भर के गणमान्य नागरिक, झांकी समितियों के सदस्य, गरबा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# जामनेर के शिवालय में किया श्रमदान दिलाई प्लास्टिक मुक्ति की शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत जामनेर में गत दिवस शिवालय मंदिर में श्रमदान कर सफाई की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत जामनेर में श्रमदान कर प्लास्टिक मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। जनपद पंचायत शुजालपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीआरएस राणा एवं महिला कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में बताया गया। राणा द्वारा बताया गया कि भारत सरकार ने 1 जुलाई 2022 से एकल उपयोग प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) पर प्रतिबंध लगाया है। इस प्रतिबंध में प्लास्टिक की 19 श्रेणियों जैसे पालिथीन के कप, गिलास, प्लेट, चम्मच, कांटे, स्ट्रा, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक और थर्मोकॉल की वस्तुएं शामिल हैं। इस प्रतिबंध का उद्देश्य पर्यावरण को प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसान से बचाना है। उन्होंने यह भी बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण को प्रदूषित करता है, नालियों को बंद करता है और जल निकायों को प्रदूषित करता है। इसके उत्पादन और दहन से ग्रीनहाउस गैसें निकलती है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है। उक्त कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, ग्रामीण एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद शिविर का किया गया आयोजन



**कालापीपल।** जिला आयुष अधिकारी गिरिराज बाथम के निर्देश अनुसार दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर पोषण पखवाड़ा अभियान अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय तिलावद मैंना द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलावद में आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 190 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 38 को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। जिसमें डॉ रविंद्र कुमार वर्मा के द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां रखने जानकारियां दी गईं। शिविर में पैरामेडिकल स्टाफ कंपाउंड श्यामसुंदर मुकाती, दवासाज आशीष वैष्णव, पिटिएस बद्रीलाल भाटी एवं विद्यालय परिवार से प्राचार्य राधेश्याम वर्मा एवं समस्त शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## मवेशी से कुकृत्य की घिनौनी वारदात

# घिनौने कुकृत्य का आरोपी शिक्षक मोहम्मद राशिद सस्पेंड

**राजगढ़।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में पदस्थ उमावि शिक्षक मोहम्मद राशिद ने जुलाई माह में निकृष्टतम अपराध किया था। उक्त शिक्षक द्वारा मवेशी के साथ कुकृत्य की वारदात को अंजाम देने पर न केवल नगर में उसका जुलूस निकाला गया था, वहीं आरोपी पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत निषेधात्मक कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई थी। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय के प्रतिवेदन के आधार पर लोक शिक्षण संचालनालय ने अत्यंत गंभीर, धार्मिक रूप से संवेदनशील एवं नैतिकता के विरुद्ध कार्य करने पर उमावि शिक्षक मोहम्मद राशिद को सस्पेंड करने की कार्रवाई की है। लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार संबंधित का कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण के विरुद्ध होकर गंभीर कदाचरण की श्रैणी में पाया गया। ऐसे में मोहम्मद राशिद को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय राजगढ़ नियत किया गया है।

### जिला क्रीडाधिकारी को कारण बताओ नोटिस

जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत पंजीयन कार्य व विविध गतिविधियां चल रही हैं। इस महोत्सव के लिए कम पंजीयन प्राप्त होने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र परमार को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। शोकाज नोटिस में उल्लेख है कि उक्त खेल महोत्सव में पंजीयन की संख्या अत्यंत न्यून है जो कि संभागीय औसत से भी बहुत कम है। इसके साथ ही महोत्सव हेतु प्रॉपरली कोई कार्ययोजना भी तैयार नहीं की गई है।

# आउटसोर्स कर्मियों को समय पर वेतन न मिले तो करें शिकायत

## श्रम विभाग ने जारी किया मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के अधिकांश विभागों में आउटसोर्स कंपनियों के माध्यम से पदस्थ कर्मचारियों को कभी भी एक निर्धारित तिथि पर वेतन, मानदेय नहीं मिल पाता है। आउटसोर्स कर्मचारियों को कभी-कभी तो दो से चार महीने तक वेतन भुगतान नहीं किया जाता। विगत दिनों ही आयुष विभाग में आउटसोर्स माध्यम से पदस्थ 18 कर्मचारियों द्वारा चार माह से वेतन न मिलने की शिकायत कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर की थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद श्रम विभाग ने आउटसोर्स कर्मियों के हित में समय पर वेतन दिलाने की पहल की है। इसके लिए विभाग ने एक वाट्सअप नंबर भी जारी किया है। श्रम विभाग के अपर सचिव बसंत कुर्रे ने बताया है कि शासकीय कार्यालयों, निगमों मंडलों और प्राधिकरणों में अगर 1000 से कम आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं तो उन्हें उनके मानदेय का भुगतान महीने की 7 तारीख तक किया जाना अनिवार्य है। इसी तरह 1000 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी होने पर उन्हें माह की 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। किसी भी आउटसोर्स कर्मचारी को निर्धारित समय सीमा में वेतन भुगतान न होने की स्थिति में मोबाइल नंबर 75525-55582 पर कर्मचारी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# प्लास्टिक मुक्त नगर के लिए निकाली गई रैली




**खुजनेर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा को नगर परिषद खुजनेर द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने के लिए जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए नपा कर्मचारी स्टाफ सहित नारे लगाते हुए निकले स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत निकाय में सघन सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नाले, नलियों, नदियों के आसपास, धार्मिक क्षेत्रों आदि की सफाई की जा रही है। रैली में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर के 5 विद्यार्थी प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**सारंगपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर के पांच विद्यार्थियों का चयन सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान की प्रांतीय एथलेटिक्स एवं बौद्धिक प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सीहोर में आयोजित विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिशु वर्ग की रिया जाटव ने ऊंची कूद व लंबी कूद, रिया मेवाड़ा ने 100 व 200 मीटर दौड़ तथा किशोर वर्ग से आयुषी मेवाड़ा ने 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार गुना में हुई विभागीय बौद्धिक प्रतियोगिता में शिशु वर्ग की समृद्धि तिवारी ने चित्रकला तथा नियति पाल ने गीता पाठ में प्रथम स्थान हासिल किया। ये सभी विद्यार्थी शुक्रवार से ग्वालियर में प्रारंभ हो रही प्रांतीय प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कुल पांच प्रतिभागी सात इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। संरक्षक के रूप में पिंकी चौहान और अंजना दुबे का विशेष सहयोग रहा। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट, सचिव अशोक कुमार साहू, प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी विजयी विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# स्वच्छता सेवा पखवाड़े अभियान के तहत मैराथन आयोजित

**जीरापुर।** नगर परिषद द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन कर स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक और जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से स्वच्छता सेवा पखवाड़े अभियान की शुरुआत की गई। मां सरस्वती एकेडमी के छात्र छात्राओं तथा नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में शामिल हुए। मैराथन दौड़ को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की गई। ढोल ढमाके के साथ नगर परिषद से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से छापी बांध पर पहुंची। नगर परिषद देवनारायण दांगी ने स्वच्छता के संबंध में शपथ दिलवाई। इस आयोजन में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, कमल झावा, राजेश दांगी, ओंकार मंडलोई, कमल भावसार, आजाद झावा, भगवान सिंह परिहार, राकेश मंडलोई, नीरज मालवीय, मनोज शर्मा, इश्तियाक कुरेशी, विजय गुप्ता मां सरस्वती एकेडमी खेल शिक्षक पंकज प्रजापति सहित नागरिक शामिल हुए।

### शारदीय नवरात्रि पर्व का होगा भव्य आयोजन

**जीरापुर।** शारदीय नवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गायत्री शक्तिपीठ आवास कॉलोनी में होगा। गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित बैठक में मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी ने कहा कि हमें गायत्री परिवार से अधिकाधिक लोगों को जोड़ना है एवं नवरात्रि पर्व पर आयोजित समस्त धार्मिक कार्यक्रम में हमारी उपस्थिति रहे और अपने परिवार मोहल्ले से महिला पुरुष को यहां जोड़ने के लिए प्रेरित करें। आगामी योजना बताई जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में शारदीय नवरात्रि पर्व पर 22 सितंबर 2025 को घट स्थापना के साथ सामूहिक गायत्री मंत्र जाप प्रतिदिन प्रातः 5 बजे सामूहिक एवं व्यक्तिगत मंत्र जाप प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से सायं 6 तक गायत्री यज्ञ प्रतिदिन प्रात 8 बजे से 10 तक पर्व का विशेष दीप यज्ञ 29 सितंबर को 5 से रहेगा एवं नवकुण्डीय गायत्री यज्ञ नवमी 30 सितंबर 2025 को प्रातः 7 बजकर 30 बजे एवं पूर्णाहुति प्रसाद वितरण।

# एचआईवी एड्स की रोकथाम के लिए जागरुकता व्याख्यान का आयोजन



**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में छात्र-छात्राओं के समक्ष सघन जागरुकता अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एक जागरुकता व्याख्यान किया गया। जिसके मुखिया गिरवर सिंह नागर काउंसलर सारंगपुर ब्लॉक रहे इनके द्वारा सभी छात्र छात्राओं के समक्ष एचआईवी एड्स से होने वाली बीमारियों के बारे में और उनके रोकथाम के बारे में की किस प्रकार इस बीमारी पर नियंत्रण किया जाता है किस प्रकार इन सबसे बचा जा सकता है उसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी उन्होंने कहा कि एड्स जैसी बीमारी से बचने के लिए युवाओं को जागरूक होना अनिवार्य है इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। हनी व्यास टेक्नीशियन सिविल अस्पताल सारंगपुर भी साथ में रहे कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रीतम गुनवा के द्वारा भी सभी छात्र-छात्राओं को एचआईवी एड्स जैसे बीमारी की रोकथाम के लिए जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम के संचालनकर्ता धर्मेंद्र कुमार खैरवार के द्वारा भी सभी छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति और एचआईवी से होने वाली भयानक बीमारी के प्रति जागरूकता हेतु व्याख्यान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 11 संकुल केंद्र की 100 से अधिक छात्राओं ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा

# सारंगपुर में संजावली प्रतियोगिता ने लोक संस्कृति में भरा नया जीवन, बेटियों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सोशल सोसायटी फॉर सोशल डेवलपमेंट एंड रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में शुक्रवार को राज्यमंत्री के सेवा सदन कार्यालय में भारतीय लोक परंपरा उत्सव संजावाली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तेजी से बदलते समय में जहां लोक संस्कृति पिछड़ती जा रही है, वहीं सारंगपुर में आयोजित संजावली प्रतियोगिता एवं कला महोत्सव ने एक नई उम्मीद और ऊर्जा का संचार किया। यह आयोजन न केवल परंपराओं का उत्सव था, बल्कि नवपीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना जगाने का भी एक सराहनीय प्रयास रहा। इस आयोजन की नींव राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने पिछले वर्ष रखी थी, जो अब एक प्रेरक परंपरा का रूप ले चुकी है। कार्यक्रम का आयोजन सेवासदन परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ।



इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में कहा, हमारी लोक परंपराएं विलुप्ति की ओर हैं, लेकिन इस तरह के आयोजनों से संस्कृति को संजोने की एक नई शुरूआत हो रही है। मंत्री टेटवाल ने जो बीड़ा उठाया है, वह भविष्य की पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन सकता है। वहीं मुख्य वक्ता कलावती यादव, सभापति, उज्जैन नगर निगम ने भावुक स्वर में कहा, “यह देखकर मन प्रसन्न हो गया कि हमारी खोती हुई परंपराएं फिर से जीवंत हो रही हैं। संजा देवी पार्वती का स्वरूप है, जिसे 16 दिन तक गोबर से बने मांडनों से सजाया जाता है। यह सौंदर्य, श्रद्धा और प्रकृति प्रेम का उत्सव है। मंत्री टेटवाल ने कहा, यदि माताएं और बहनें न हों तो यह पर्व-त्योहार, परंपराएं जीवित न रह सकें। यह आयोजन केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी छात्रावास और सांदीपनी विद्यालय की बालिकाओं ने संजावली गीतों और मालवी नृत्य से ऐसा समां बांधा कि दर्शक भाव-विभोर हो उठे।

**नानी सी गाड़ी गुड़कती जाए, जेमे बैठी संजाबाई:** जैसे गीतों ने बचपन की स्मृतियों और ग्रामीण संस्कृति की मिठास को पुनः जीवित कर दिया। भ्याना, गुलावता, धनौरा, पचोर, पाड़ल्यामाता, आमलारोड़, पान्दा, संडावता सहित अनेक ग्रामीण अंचलों से आई छात्राओं की ऊर्जावान और आत्मीय प्रस्तुतियों ने आयोजन को लोक महोत्सव का रूप दे दिया। सरपंच श्रद्धा पालीवाल की उपस्थिति और वरिष्ठ शिक्षिका बबीता मिश्रा के सधे हुए मंच संचालन ने आयोजन को और भी गरिमा प्रदान की। अंत में गोबर से बनाए गए मांडना प्रतियोगिता और संजा गीत प्रतियोगिता में विजेता बालिकाओं को सम्मानपूर्वक बैग और शील्ड प्रदान किए गए।

## खबर संक्षेप

### मेहरवान विश्वकर्मा बने उत्सव समिति के अध्यक्ष



**आष्टा।** विश्वकर्मा समाज द्वारा आगामी विश्वकर्मा जन्म महोत्सव के साथ ही सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमो को उत्साह पूर्वक मनाए जाने मेहरवान विश्वकर्मा को उनके सामाजिक कार्यों में सहभागिता को देखते हुऐ सर्वसम्मति से विश्वकर्मा समाज की उत्सव समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। मेहरवान विश्वकर्मा को उत्सव समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर समाज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, पूर्व अध्यक्ष मनोहरलाल विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा एडीपीओ, वेदप्रकाश पिपलोदिया, हरिओम विश्वकर्मा, विष्णु विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा फौजी, कृष्णपाल विश्वकर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, विजेन्द्र विश्वकर्मा, श्याम सिलोदिया, शिव श्रीवादी, संदीप विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, राहुल, सहित समाज के वरिष्ठजनों व सदस्यगणो ने बधाई दी।

### संभागीय बैठक में शामिल हुए विधायक

**आष्टा।** प्राभारी अपर मुख्य सचिव भोपाल संभाग संजय कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय भोपाल में संभाग के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यो की समीक्षा बैठक हुई। संभागीय समीक्षा बैठक में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भी शामिल हुए। बैठक में विधायक ने अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर बैठक में अपनी बात रख कर स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यो को प्राथमिकता से शुरू करने एवं प्रस्तावित कार्यो की स्वीकृति की बात रखी।

### स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए राजस्व मंत्री

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा सीहोर में जैन समाज द्वारा आयोजित निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए। उन्होंने मुनिश्री अक्षय सागर महाराज और मुनिश्री उपाशम सागर महाराज का आशीर्वाद लिया। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आमजन को स्वास्थ्य लाभ दिलाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति भारत की प्राचीन धरोहर है और इसे जन-जन तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने शिविर का निरीक्षण कर वैद्यों एवं मरीजों से चर्चा की और कहा कि राज्य सरकार भी आयुर्वेद चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### नपा की लापरवाही से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के बंगले में घुसा बारिश का पानी

# 181 पर भी की शिकायत, सीएमओ की उदासीन कार्यप्रणाली से नपा की किरकिरी

नपा सीएमओं और बीजेपी जनप्रतिनिधियों को जमकर सुनाई खरीखोटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर पालिका के अधिकारियों की उदासीनता अव्यवस्था बदइंतजामी के चलते लगातार बीजेपी की नगरपालिका की शहर सहित जिलेभर में लगातार किरकरी हो रही है और इस बार नगर पालिका की बदइंतजामी का खामियाजा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल को भुगतना पड़ा। दअरसल शुकवार को नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ,हिन्दू उत्सव एवं दशहरा समिति अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधि दशहरा मैदान पहुचे थे आगामी दशहरा की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान दो दिन से शहर में हो रही बारिश का पानी दशहरा मैदान में जमा हो गया। जिसे निकालने की मांग की गई थी। जिसे देखते हुए नगर पालिका के जिम्मेदारो ने रात्रि में अपनी जेसीबी मशीन से बिना सोचे समझे, बिना किसी योजना के नाली खोद कर मैदान में भरा पानी तोल कांटे सुभाष नगर वाले मार्ग पर बहा दिया । उक्त पानी बहता हुआ पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल के बंगले में घुस गया और यह मकान के पीछे नाले में से होता हुआ खंडेलवाल सदन के शौचालयों तक पहुच गया । इसको लेकर पूर्व जिला अध्यक्ष के पुत्र विजय खंडेलवाल ने नपा सीएमओ विनोद प्रजापति को मोबाईल लगा कर अपनी समस्या से अवगत कराया लेकिन सीएमओ विनोद प्रजापति ने गैर ज़िम्मेदाराना रुख अपनाते हुए ने बेतुका जवाब देते हुए कहा की यह मेरा काम नहीं है आप हिन्दू उत्सव समिति और दशहरा अध्यक्ष को बताए।इसमें में कुछ नहीं कर सकता और इस समस्या के लिए आप मुझे फोन न लगाए। लिहाजा सीएमओ विनोद प्रजापति के उदासीन जवाब से नाराज होकर पूर्व जिला अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल ने प्रेस को बुलाया और अपनी समस्या से अवगत कराते हुए बताया की जब दशहरे मैदान में भरा पानी निकाला जो पूरे मार्ग पर बहता हुआ हमारे बंगले में घुस गया तब सीएमओ विनोद प्रजापति को मोबाईल लगा कर शिकायत की तब उन्होंने बड़े ही बेतुके लहजे में जवाब दिया कि इसमें में कुछ नही कर सकता,आपको कोई दिक्कत या शिकायत हो तो आप हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट या विजयदशमी के अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि से शिकायत करें उनके काम मे हमारा कोई हस्तक्षेप नही है,इस मामले में आप हमें फोन ना लगाये। उक्त जिम्मेदार अधिकारी के उदासीन जवाब से नाराज होकर पूर्व जिला अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल ने मीडिया के कैमरों के सामने नगर पालिका सीएमओ विनोद प्रजापति सहित चुने हुए जनप्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर को जमकर खरीखोती सुनाई।

### नगर पालिका के सीएमओ सहित बीजेपी जनप्रतिनिधियों को सुनाई खरीखोटी

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल शहर में अपना अच्छा खासा रुतबा रखते हैं वही बीजेपी में इनका अच्छा खासा कद है और अपने तेजतर्रार अंदाज के लिए जाने जाते हैं ऐसे में नवागत सीएमओ विनोद प्रजापति की उदासीन कार्यशैली और गैर ज़िम्मेदाराना बयान से नाराज पूर्व जिला अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल ने प्रेस के सामने जमकर अपना गुस्सा और नाराजगी जताते हुए सीएमओ विनोद प्रजापति को खूब फटकार लगाई तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी खरीखोटी सुनाते रहे और कहा की ऐसे हालत है नगर पालिका के कोई भी अधिकारी कुछ भी बिना प्लान के कुछ भी कर रहा है ना पार्षद को वार्ड वासियों की चिंता है न सरकारी नुमांइदों को रहवासियों की समस्या पर ध्यान है और चुने जनप्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षद इनका भी ध्यान नहीं है। फिलहाल विधायक गोपाल इंजिनियर से लेकर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है।

### पार्षद नदारद, फटकार के बाद जागे सीएमओ



पूर्व जिला अध्यक्ष की फटकार और विधायक से लेकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद सीएमओ विनोद प्रजापति की नींद खुली और शनिवार को सुबह से ही एक्टिव नजर आए और घंटों तक स्वयं मौजूद रहकर अपने नगर पालिका के तमाम अमले के साथ उक्त स्थान पर जमे बारिश के पानी को निकालने के लिए चोक पड़ी नालियों की जेसीबी से साफ सफाई करवाई। तब जाकर दशहरा मैदान का जमा पानी की निकासी हो रही है लिहाजा लगातार जिस तरह सीएमओ विनोद प्रजापति की कार्यशैली देखने को मिल रही है उससे लगातार नपा की शहरभर में किरकिरी हो रही है। लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारो की आंखे खुलने का नाम नहीं ले रही है। वही वार्ड 15 के पार्षद तेजसिंह राठौर रात को भी नजर नहीं आए वही दिन में भी नदारद रहे। जिससे वार्ड पार्षद को भी पूर्व जिला अध्यक्ष ने जमकर कोसा राजनीतिक द्वेषपूर्ण भावना रखने के गंभीर आरोप लगाए। मामले में जब नपा सीएमओं से पक्ष जानना चाहा तो हमारे प्रतिनिधि का फोन नहीं उठाया।

# दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण

### दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पशुपालन विभाग के अंतर्गत दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के संबंध में जनपद पंचायत आष्टा की सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर डॉ. उदय सिंह महेश्वरी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यमंत्री द्वारा दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। पशु पालन विभाग विभाग द्वारा संचालित गतिविधिया की जैसे नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण से पशु पलकों को जागृत करने हेतु दुग्ध समृद्धि संपर्क कार्यक्रम चलाया जाना है। यह कार्यक्रम 02 अक्टूबर को प्रदेश स्तर पर प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम के तहत कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता व पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर के मध्य मैदानी स्तर पर सर्वे करेंगे। उक्त प्रोग्राम को विभिन्न स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जाएगा। कार्यक्रम में पशु विकास खंड अधिकारी डॉ. विनोद कुमार शुक्ला, डॉ. दीप्ति कोटस्थाने व डॉ. दिनेश मालवीय उपस्थित रहे।

### उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम हुआ

**सीहोर।** सीहोर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन शनिवार को उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस परीक्षा मे सीहोर जिले के सभी 5 विकासखंडो के 1501 परीक्षा केंद्रो में परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में सीहोर जिले के 43430 नवसाक्षर शामिल किये जाने का लक्ष्य रखा गया था। केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिये 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे असाक्षरों को साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिनमें यूनेस्को की परिभाषा अनुसार, मुद्रित एवं लिखित सामग्री का उपयोग करके पहचानने, समझने, व्याख्या करने, बनाने, संवाद करने और गणना करने की क्षमता नहीं है। देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष-2022 से चल रहा है जो वर्ष-2027 तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में वर्ष में 2 बार ₹बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाती है।

# कृषि उपज मंडी में हुई किसान संघ की मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी के बैठक कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में किसानों के विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। आजादी के 78 वर्ष होने के बावजूद भी आज किसानों की समस्या जस की तस बनी हुई है। आए दिन किसानों की बातें तो सब करते हैं लेकिन असल में किसानों का सहयोग कोई नहीं करता है।

ऐसा कोई सगा नहीं जिसने किसानों को ठगा नहीं चाहे वह शासकीय कार्यालय हो या नकली समान प्रदान करने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठान हो आए दिन शासन प्रशासन किसानों की चिंता करते हुए दिखाई देते हैं। किसानों के नाम पर करोड़ों रुपए का बजट आवंटित होता है लेकिन कहीं ना कहीं से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है प्रधानमंत्री फसल बीमा के नाम पर 100-200 रुपया प्रति एकड़ की राशि बीमा क्लेम के नाम पर किसानों के खाते में आती है क्या यह किसानों के साथ मजाक नहीं है। जिले में वर्तमान में हो रही बेमौसम बारिश से किसानों की फसल में भारी नुकसान हो रहा है। 10 घंटे बिजली मिले पर्याप्त वोल्टेज हो ट्रिपिंग ना हो मेंटेनेंस समय पर हो ट्रांसफार्मर बदलने में 24 घंटे से ज्यादा विलंब ना हो मंडियों में आए दिन उचित मूल्य न मिलाना समय पर व्यवस्थि तुलाई ना होना फ्लैट कांटे की व्यवस्था होने के बावजूद व्यापारियों द्वारा उससे तुलाई ना करवाना कई प्रकार सुविधा आज भी किसानों को नहीं मिल रही है।

पर्याप्त हम्माली काटने के बाद भी किसानों से काम करवाया जाता है कहां नीलामी होती है और कहां पर फसलों की तुलाई करवाते हैं मंडी प्रशासन को भी सक्रियता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए सभी शासकीय कार्यालय में कर्मचारी अधिकारी किसानों से उनकी बातें व समस्या संवेदनशीलता, गंभीरता से सुने और हल करने का प्रयास करें।

### राजस्व मंत्री का जावर एवं डोडी मंडल में आत्मीय स्वागत किया



**जावर।** आष्टा विधानसभा क्षेत्र के अल्प प्रवास पर मध्यप्रदेश शासन के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शुक्रवार को हाईवे ट्रीट डोडी पधारे। इस अवसर पर जावर मंडल एवं डोडी मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मंत्री ने क्षेत्र के किसानों से संबंधित समस्याओं को विस्तार से सुना एवं समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, जावर मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह ठाकुर, डोडी मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, मान सिंह ठाकुर, कृपाल सिंह ठाकुर, राहुल ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, धर्मेन्द्र मालवीय, जीवन सिंह नागोदिया, पवन मालवीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मार्टिनेट विद्यालय के विद्यार्थियों को जिला स्तर पर मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विकास खंड स्तर पर नगर के विद्यालयों की प्रतिभागियों की लोकनृत्य की प्रतियोगिता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित हुई। इसमें मार्टिनेट के लोकनृत्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु चयन हुआ। विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पहुंचे।

जहां आष्टा के साथ अन्य विकासखंड के विद्यालयों के प्रतिभागी भी बालरंग महोत्सव की इस प्रतियोगिता में भाग लेने आये हुये थे। वहां उपस्थित जजेस संगीतज्ञ मांगीलाल ठाकुर, मोहित ठाकुर व दिव्यांश पाटीदार की पैनल के समक्ष प्रतिभागियों नें अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी तथा जब परिणाम घोषित हुआ तो लोकनृत्य की श्रेणी में मार्टिनेट विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रस्तुति को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। जूडो-कराटे की दिव्यांग श्रेणी के चेंपियन कपिल परमार द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियो के साथ विद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में विद्यार्थियों को ट्रेनिंग प्रदान करने वाले शिक्षिकायें कु. प्राजंल गुठानिया, कु. मुस्कान वर्मा, रचना ठाकुर पूरे आयोजन में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने उपस्थित रहीं। तथा प्रतिभागी विद्यार्थी कु. कृतिका मेवाड़ा, इशिका प्रजापति, माही शर्मा, निष्ठा गुठानिया, खुशी चौहान, दिशा जैन, दीक्षा बामनिया, अश्विनी तिवारी, राधिका वर्मा, प्रतिज्ञा मेवाड़ा ने इस लोकनृत्य में भाग लिया तथा इन्हें संगत देने के लिये विद्यार्थी आदर्श राठौर की उपस्थिति रही।

जब परिणाम घोषित हुआ तो इन सभी बच्चो के चेहरे खुशी से चमक उठे। अब संभाग स्तर की प्रतियोगिता में इसी श्रेणी में भाग लेने इन्हें भोपाल भेजा जाएगा। विद्यार्थियों की इस सफलता पर मार्टिनेट विद्यालय के संचालक नोशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी, अकेडमिक इंचार्ज अतुल जैन सुराणा, शिखा तिवारी वित्तिय प्रबंधक रेखा शर्मा, कम्प्यूटर प्रबंधक कुशल भूतिया तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं नें विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित करते हुये आगामी संभाग स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनायें दी।

# तपोभूमि देव बड़ला में मंदिर स्थापत्य और संरक्षण कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में आयुक्त पुरातत्व उर्मिला शुक्ला के मार्गदर्शन में संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय म.प्र.के अंतर्गत डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान भोपाल एवं प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय मंदिर स्थापत्य व संरक्षण कार्यशाला का आयोजन डॉ.मनीषा शर्मा, निदेशक डॉ विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्था के निर्देशन में किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में डॉ शिवाकांत बाजपेई अधीक्षण पुराविद्,भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जबलपुर व डॉ रमेश यादव पुरातत्व अधिकारी सेनि,संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार व संग्रहालय उपस्थित थे। कार्यशाला के द्वितीय दिवस देव बड़ला मंदिर समूह जिला सीहोर मे छात्र छात्राओं तथा शोधार्थी को भ्रमण कराया। जिसमे प्रायोगिक परीक्षण, मंदिर स्थापत्य, वास्तुखंड, मंदिरों की विभिन्न शैलियां, प्रतिमा शास्त्र से संबंधित जानकारी डॉ ध्रुवेंद्र सिंह जोधा शोध अधिकारी द्वारा प्रदान की गई। भ्रमण में विक्रम विश्वविद्याल के डॉ हेमंत लोदवाल व डॉ रितेश लोद भी उपस्थित रहे। देव बड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया देव बड़ला क्षेत्र की सबसे बड़ी व प्राचीन धरोहर है। इस धरोहर को अपने मूल स्वरूप में लौट के लिए पुरातत्व विभाग निरंतर कार्य कर रहा है जल्द ही पुरातत्व विभाग की टीम यहां पर पुनः कार्य शुरू करेगी।

### दशहरा मैदान का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

# दशहरा उत्सव मनाने हो रही तैयारियां, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



परंपरानुसार नगर में तीन स्थानों पर दशहरा उत्सव वर्षो से मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी मुख्य दशहरा पर्व नए थाने के सामने स्थित नए दशहरा मैदान पर मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां दशहरा उत्सव समिति द्वारा जोरों पर चल रही है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति में लंका नरेश के दहन स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने नपा के तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दशहरा पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानियां उत्पन्न न हो इसका ध्यान रखकर ही पूरी तैयारियों को अंजाम दिया जाए। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने बताया कि गत दिनों में बारिश होने के कारण मैदान का परिसर पूरी तरह गीला व जल भरा हुआ है, जिसे मुरम व डस्ट डालकर समयपूर्व सूखाया जाना आवश्यक है। साथ ही मैदान में भरे पानी को जल मोटर के माध्यम से अन्यत्र प्रवाहित कराया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी शेषनारायण मुकाती, हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष राहुल वाल्मिकी, पार्षद रवि शर्मा, पूर्व पार्षद पंकज यादव, कालू सोनी, आनंद गोस्वामी, योगी सक्सेना, उपयंत्री अनिल धुर्वे, गबू प्रजापति, करन डूमाने आदि मौजूद थे।

### नवसाक्षर परीक्षा 2025 की आयोजित

**जावर।** मेहतवाड़ा संकुल में नवसाक्षर परीक्षा 2025 प्रत्येक गांव में आयोजित की गई। जिसमें सभी गांवों से असाक्षर सम्मिलित हुए। संकुल समन्वयक राजेंद्र सिंह ठाकुर ने मॉनिटरिंग की। संकुल प्राचार्य अनार सिंह ठाकुर, जनशिक्षक गजराज सिंह बागवान, रामचरण लुवाना, सुरेश राठौर ने अलग अलग स्कूलों में पहुंच कर निरीक्षण किया।

